कर्मचारी निरीक्षण एकक के कार्य

2852. **श्री प० ला० बारूपाल :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री शिंकरे :
श्री यु० द० सिंह :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पदों को वर्गोन्नत करने का काम कर्मचारी निरीक्षण एकक की जांच के क्षेत्राधिकार में आता है ;

(ख) गत पांच वर्षों में कर्मचारी निरीक्षण एकक की सिफारिशों के परिणाम-स्वरूप कितने पदों को वर्गोन्नत किया गया; और

(ग) गत पांच वर्षों में इसके कारण वार्षिक व्यय में कितनी वृद्धि हुई तथा दक्षता पर इस का क्या प्रभाव पड़ा है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) से (ग) . पदों को वर्गोन्नत करने का काम वैसे तो कर्मचारी निरीक्षण एकक के कार्यों के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है । कार्यभार की वास्तविक मात्रा और किस्म का यथार्थ अनुमान लगाने के बाद एकक विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों की आवश्यकता की समीक्षा करता है । एकक के निष्कर्षों से कुछ पदों की समाप्ति , कुछ पदों की वर्गोन्नति तथा कुछ अन्य पदों की वर्गावनति भी हो सकती है । कर्मचारी निरीक्षण एकक के अध्ययनों के कारण कुल मिला कर खर्च में कोई वृद्धि नहीं हुई है, बचत ही हुई है ।

कर्मचारी निरीक्षण एकक

2853. **श्री शिंकरे :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री यु० द० सिंह :
श्री प० ला० बारूपाल :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्मचारी निरीक्षण एकक ने उनके मन्त्रालय के हिन्दी में काम करने वाले विभिन्न कर्मचारियों के काम का अध्ययन किया था ;

(ख) यदि हां, तो उसने क्या सिफारिशें की हैं ; और

(ग) सिफारिशें किस सीमा तक कार्यान्वित की गई हैं ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) जी हां । कर्मचारी निरीक्षण एकक ने वित्त मंत्रालय के विभागों के हिन्दी अनुभागों के कार्यभार का नाप-तोल किया था ।

(ख) इन नाप-तोलों के आधार पर की गयी सिफारिशों का विवरण नीचे दिया जाता है :—

पदों की श्रेणियां, जिनके बारे में सिफारिश की गई	अर्थ विभाग	व्यय विभाग	राजस्व तथा बीमा विभाग	विशेष
नाप-तोल का वर्ष	1964	1965	1966	
हिन्दी अधिकारी .	1	—	1*	*व्यय विभाग के हिन्दी-अनुभाग का भी कार्याधिकारी होगा ।
अनुवादक	7	1	3	
सहायक	7	—	1	
निम्न श्रेणी लिपिक	3	1	2	
आशुटाइपकार .	1	—	1	